## IQAC MEETINGS MINUTES AND ACTION TAKEN REPORT (2022-23)

| Date | Minute | Action |
|---|---|---|
| 12.11.2022 | डॉ. भारती सागर द्वारा AQAR की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया एवं दिसम्बर माह में पूर्ण किये जाने का निर्णय लिया गया। | AQAR का कार्य अधिक तीव्रता से आगे बढ़ाया गया। |
| | प्रस्ताव संख्या 4 के सन्दर्भ में समस्त स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों को पुनः एक माह के अन्दर प्राचार्या जी को संगोष्ठी के प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। | कार्य पूर्ण हो चुका है (ICSSR, ICWA) उच्च शिक्षा निदेशालय उ0प्र0 को प्रस्ताव प्रेषित कर दिये गये थे। |
| | प्रस्ताव संख्या 5 के अनुसार Academic and Administrative Audit (AAA) की कार्यवाही त्वरित गति से आगे बढ़ाने के लिए डॉ. कल्पना वाजपेयी को निर्देशित किया गया। | कार्यवाही आरम्भ कर दी गयी। AAA सम्पन्न हो चुका है। |
| | प्रस्ताव संख्या 8 के संबंध में ग्रीन ऑडिट कराये जाने हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय से डॉ. पुष्पेन्द्र जी के मार्गदर्शन में कार्य सम्पन्न किया जायेगा। प्राचार्या जी इस विषय में प्रक्रिया को आगे बढ़ायेंगी। | प्रस्ताव क्रियान्वयन डॉ. पुष्पेन्द्र जी के मार्गदर्शन में सुनिश्चित किया गया तथा इस संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। |
| | प्रस्ताव संख्या 11 के सन्दर्भ में वाणिज्य प्रयोगशाला के क्रियान्वयन के लिए श्री विजय प्रकाश जी अग्रवाल को निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया। | कार्य पूर्ण हो चुका है। |
| | दिनांक 19 से 25 नवम्बर 2022 तक विश्व विरासत सप्ताह मनाये जाने का निर्णय लिया गया। विश्व विरासत सप्ताह से संबंधित कार्यक्रमों को पूरे सत्र में समय–समय पर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रमों की यह श्रखंगा इस सत्र की Best Practice के रूप में लागू रहेगी। इस सन्दर्भ पोशाक कला एवं सांझी कला पर कार्यशाला, संग्रहालय भ्रमण, वृन्दावन शोध संस्थान भ्रमण, श्री श्रीवत्स गोस्वामी एवं श्री मोहन स्वरूप भाटिया जी का व्याख्यान 19–25 नवम्बर के मध्य आयोजित होंगे, साथ ही विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य एवं ब्रज के लोक गीतो पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। | पूरे सत्र में योजनानुसार सांझी कार्यशाला, संग्रहालय भ्रमण, श्री मोहन स्वरूप भाटिया जी का व्याख्यान, लोक–गायन व लोकनृत्य प्रतियोगिताएं तथा पारम्परिक खान–पान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। |
| | इस सत्र में Best Practices की श्रखंला में महाविद्यालय में Botanical Garden विकसित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। यह कार्य वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ. राजेश वर्मा की देखरेख मे सम्पन्न कराने का निर्णय लिया गया। | महाविद्यालय में बन्दरों को रोकने की उचित व्यवस्था न हो पाने के कारण इसे फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। |
| | IQAC सदस्य श्री गिरीश अग्रवाल जी द्वारा महाविद्यालय में प्रेरणादायक व्याख्यानों की श्रखंला आयोजित कराने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया।<br>IQAC सदस्य डॉ. ए.के. जौहरी द्वारा सभी विभागों द्वारा स्तरीय व्याख्यान का आयोजन कराने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत कर लिया गया। | सत्र में विभिन्न विभागों द्वारा व्याख्यान आयोजित किए गए। |

PRINCIPAL
R.C.A.Girls (P.G.) Coll
MATHURA

| | | |
|---|---|---|
| 17.02.2023 | डॉ. भारती सागर (IQAC समन्वयक) द्वारा 2021–22 की AQAR को IQAC के समक्ष प्रस्तुत किया गया। AQAR को एक सप्ताह के अन्दर अपलोड करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। | कार्य पूर्ण हो चुका है। |
| | NAAC की 3rd cycle के लिए SSR की तैयारी के संबंध में प्राचार्या जी द्वारा बताया गया कि SSR (Self Study Report) के कार्य को शीघ्र आरंभ करने की आवश्यकता है। उन्होंने SSR पूर्ण करने हेतु इसके सात मानकों से सभी को अवगत कराया। यह निर्णय लिया कि प्रत्येक मानक पर शिक्षिकाओं को नियुक्त करके उनके द्वारा मानक के अन्तर्गत महाविद्यालय मे हुये कार्यों का संकलन, मूल्यांकन कर तदनुरूप आगे की कार्य योजना निर्धारित की जायेगी। इस सन्दर्भ प्राचार्या के मार्गदर्शन में NAAC 3rd cycle की SSR तैयार करने के लिए IQAC के शिक्षकों में से उप समिति का गठन किया जायेगा। | कार्यवाही आरंभ कर दी गयी। |
| | वार्षिक लेखा परीक्षा हेतु प्राचार्या जी द्वारा प्रस्ताव रखा गया तथा उन्होंने बताया कि 2020 मे कोविड के उपरान्त से कोई लेखा परीक्षा नहीं करायी गयी है जबकि NAAC मूल्यांकन कराने से पहले यह लेखा परीक्षा होना अत्यन्त आवश्यक है। अतः सर्वसम्मति से इस पर निर्णय लेने के लिए महाविद्यालय की प्रबंध समिति के सचिव जी को अधिकृत किया गया। | उ0प्र0 सरकार के स्थानीय विधि लेखा परीक्षा कार्यालय द्वारा महाविद्यालय में वर्ष 2022–23 तक का ऑडिट किया जा चुका है। |
| | पुस्तकालय के Software (LMS) को अपग्रेड कराने का प्रस्ताव प्राचार्या जी द्वारा रखा गया इस विषय पर IQAC सदस्य श्री जनार्दन शर्मा ने सुझाव दिया कि इस कार्य के लिए किसी NGO से सहायता ली जा सकती है तथा स्वयं उन्होंने इस कार्य में सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस पर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुये प्राचार्या को इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही के लिए अधिकृत किया गया। साथ ही प्राचार्या जी ने पुस्तकालय के विस्तार (Extension) एवं पुस्तकालय हेतु प्रशिक्षित स्टाफ नियुक्त करने की आवश्यकता पर ध्यान आकृष्ट कराया। पुस्तकालय मे कम्प्यूटर को रखने पर भी चर्चा हुई। | आशिंक रूप से पूर्ण हुआ। पूर्ण करने हेतु प्रस्ताव के अनुसार पुस्तकालय प्रभारी द्वारा कार्यवाही की जा रही है। |
| | महाविद्यालय की 25 वर्षीय योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की अद्यतन स्थिति का मूल्यांकन। | योजनानुसार प्रथम 5 वर्षों में किए जाने वाले कार्यों में से अधिकांश पूर्ण हो चुके हैं। |
| | सभापति की अनुमति से अन्य विषयों के अन्तर्गत महाविद्यालय सोलर पैनल लगवाने का प्रस्ताव प्राचार्या जी द्वारा रखा गया। इस विषय IQAC सदस्य श्री जनार्दन शर्मा जी द्वारा सहयोग का आश्वासन प्राप्त हुआ। सर्वसम्मति से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए प्राचार्या जी को अधिकृत किया गया। | मातृ संस्था 'अग्रवाल कन्या शिक्षा सभा' के सहयोग से यह कार्य सम्पन्न हुआ। |
| | प्राचार्या जी द्वारा महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं के हस्तकौशल को व्यावसायिक रूप प्रदान किया जाये इसका प्रस्ताव रखा गया। इस विषय IQAC सदस्या कु. सोनम ने यह सुझाव दिया कि छात्राओं की सांझी कला, पोशाक कला जैसे हस्तकौशल से निर्मित कृतियों को Instagram पर प्रदर्शित किया जाये। वहाँ से प्राप्त आर्डर को छात्राओं द्वारा पूरा किया जाये। IQAC सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से इस कार्य के लिए कु. सोनम को अधिकृत किया गया। | महाविद्यालय का Instagram पेज बना लिया गया है। आगे की योजना पर अभी कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। |

PRINCIPAL
R.C.A.Girls (P.G.) College
MATHURA

| | | |
|---|---|---|
| 21.04.2023 | प्राचार्या जी ने बताया कि आगामी सत्र में प्रारंभ होने वाले पाठ्यक्रमों यथा बी. ए. (इतिहास) बी.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस एवं सांख्यिकी) एवं बी.सी.ए. के पैनल की तैयारी चल रही है। ये शीघ्र ही करा लिया जायेगा। | कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता विश्वविधालय से प्राप्त हो चुकी है। |
| | प्राचार्या जी ने प्रस्ताव रखा कि IQAC की Meeting प्रत्येक महीने में दो बार की जाय। इसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। | कुछ व्यवहारिक कढ़िनाइयों के कारण पूर्णतया व्यवहार में नहीं लाया जा सका। |
| | महाविद्यालय के सभी शिक्षकों के 5 वर्ष के स्व मूल्यांकन प्रपत्र भरे जा चुके हैं। सभी विभागों के PPT भी शीघ्र ही तैयार किये जा रहे हैं। | मई 2023 माह मे कार्य पूर्ण हो चुका है। |
| 12.05.2023 | आज महाविद्यालय में प्रो. पुष्पेन्द्र कुमार एवं प्रो. अंशु जी के द्वारा महाविद्यालय के सभी विभागों के PPT देखे एवं उन्हें संशोधित करने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिये। | शिक्षिकाओं द्वारा तदनुसार संशोधन किया जा चुका है। |
| | सभी विभागों को 18.05.2023 तक अपने PPT एवं File कॉलेज की ईमेल आईडी पर मेल करनी है। | पूर्ण हो चुका है। |

PRINCIPAL
R.C.A.Girls (P.G.) College
MATHURA